## संक्षिप्त

### बजरी से भरा डंपर जब्त

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन करते हुए एक डंपर को जब्त किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी के निर्देशन में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया। टीम में पुलिस सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, हैड कानि बाबूलाल, कानि मनोज कुमार, गंगासहाय, जीतपाल, शंकर लाल, राजेश, हेमराज, आसाराम व चालक राजेश को शामिल किया गया। गश्त के दौरान गठित टीम को मुखबीर से सूचना मिली की गांव झिलाय से निवाई की ओर एक बजरी से भरा एक डंपर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने झिलाय रोड पुलिया के पास नाकाबंदी की। इस दौरान झिलाय रोड की ओर से आ रहे डंपर के चालक ने पुलिस की नाकाबंदी को देखकर डंपर को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को जब्त करके पुलिस थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि डंपर चालक एवं मालिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर तलाशी शुरू कर दी है।

### राधा देवी पटेल का स्वागत

**कोटपूतली।** विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल का शनिवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत भैंसलाना की ढ़ाणी सांपला वाली में ग्रामीणों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा यादव के नेतृत्व में माला, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में सभी जाति, वर्गो को साथ लेकर चलेगें। इस दौरान भाजपा नेता धर्मसिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज स्वामी, पूर्व पंसस हरिद्वारी लाल स्वामी, तेजपाल सिंह, किशोर सिंह, अजय शुक्ल, रामलाल सरपंच, जगदीश यादव, अमीचंद यादव, रामू, मदन, घीसाराम, निशांत, राव सिद्धार्थ समेत अन्य मौजूद रहे।

### जांगिड समाज की बैठक आज

**निवाई।** उपखंड मुख्यालय स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा तहसील सभा एवं विकास समिति निवाई के संयुक्त तत्वावधान में जांगिड़ समाज की मीटिंग रविवार को प्रातः 9:30 बजे होगी। बैठक में प्रगतिशील जांगिड़ समाज छात्रावास की छत डलवाने, समाज उत्थान एवं समाज की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार से तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए बाबूलाल जांगिड़ रानोली का स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी तहसील सभा महामंत्री रामविलास जांगिड़ व मनीष बहकवा ने दी है।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में गांव सुरतरामपुरा के ग्रामीणों ने उपखंड अधकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को सुरतरामपुरा को ग्राम पचायत करेडा में ही यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बतया कि परिसिमन में गांव सुरतरामपुरा को ग्राम पंचायत हरभावता में जो रखा है। उन्होंने गांव सुरतरामपुरा को ग्राम पचायत करेडा में ही यथावत रखने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राधेश्याम चौधरी, कैलाश चौधरी, जगदीश चौधरी, हीरालाल बैरवा, बोदू चौधरी, रमेश चौधरी, राकेश चौधरी, राजाराम चौधरी, रामभजन बैरवा, मुकेश बैरवा, कैलाश बैरवा, जगदीश चौधरी व प्रेमराज बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### 468 छात्राओं को स्कूल बैग बांटे

**निवाई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वर्गीय श्री बालचंद मणा सेवा संस्थान गुंसी के तत्वावधान में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व संस्थान के सुरेन्द्र मीणा द्वारा छात्राओं को नि:शुल्क बेग वितरित किए गए। जिससे छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि छात्राएं वर्तमान में राजनीति, सामाजिक व प्रशासनिक क्षेत्र में परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाएं देश का भविष्य है। इनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार छात्राओं की शिक्षा के लिए कई प्रकार की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाएं सरकार की योजनाओं का पूर्ण रूप से लाभ उठाएं।

# अखाड़ों और महाकाल की झांकी ने मोहा मन

- छम छम नाचे वीर हनुमान से गूंजा पांडाल

**देवली ।** शनिवार को यहां श्री राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । बावड़ी बालाजी मंदिर के सेवक अनिल शर्मा और चेतन वैष्णव ने जानकारी में बताया कि महाबली वीर हनुमान जयंती के उपलक्ष पर शहर के बावड़ी बालाजी मंदिर से भव्य वीर हनुमान की शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान भगवान की शोभायात्रा में सैकड़ो भक्त शामिल हुए शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस बावड़ी बालाजी परिसर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल अखाड़ेबाजों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाएं।इस दौरान प्रभु जय श्री राम और बजरंगबली की जय हो नारों से शहर गुंजायमान हो उठा इसी के साथ महाकाल की सवारी के जुलूस ने सभी का मन मोह लिया। इससे पहले बीती



**श्री राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।**

रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें भजन गायक ओम धर्मावत ने तेरी जय जय बजरंग बली व अनुराधा योगी ने मरुधर में ज्योत जगा गयो एवं विप्रांश वैष्णव ने नैना में नींद गुल आई जैसे कई भजनों की प्रस्तुति दी जिससे श्रोताओं को आनंद की अनुभूति हुई इसके साथ शनिवार को बावड़ी बालाजी मंदिर परिसर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

इसमें हजारों भक्त पंगत प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुँचे इस दौरान बालाजी सेवा मंडल के रामवतार साहू,अरुण सिंघल, सुरेश साहू, दिनेश पांचाल, संजय साहू,अनिल शर्मा, मुकेश साहू,दिलीप लक्षकार, अमित साहू,वरदान साहू, रामेश्वर पांचाल, रामकिशन चौधरी,रूपचंद साहू, राहुल साहू, राजेश साहू सहित दर्जनों सेवकों ने अपनी अपनी और से बढ़-चढ़कर सेवाए दी।

### जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा का सफल आयोजन

**कोटपूतली।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन शनिवार 12 अप्रैल को जिले के 24 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु एडीएम ओमप्रकाश सहारण द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों एवं संबंधितों से बात कर परीक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा समय पर प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो तथा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी और अनुशासित ढंग से संचालित हो। प्रथम पारी में कुल 8,088 परीक्षार्थियों को परीक्षा में उपस्थित होना था, जिनमें से 6,209 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1,879 अनुपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हिस्ट्री सीटर मोती पहलवान गिरफ्तार



**कोटपूतली।** जिले के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने थाने के टॉप 10 अपराधियों की सूची में शामिल एक हिस्ट्री सीटर को अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि जयपुर रेंज आईजी अजयपाल सिंह लाम्बा एवं डीआईजी व जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में अवैध हथियार रखने व बेचने वालों सहित सोशियल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर डर फैलाने वाले अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विगत 11 अप्रैल शुक्रवार को पुलिस टीम मुखबीर की सूचना पर न्यू मोहनपुरा जाने वाले रास्ते के पास पहुँची तो एक व्यक्ति घने पेड़ों की ओट में मुखबीर के बताये गये हुलिये का दिखाई दिया, जो कि पुलिस जाप्ते को देखकर भागने लगा। जिसको पुलिस ने घेरा बंदी करके पकड़ जाँच की तो उसके पास से एक कट्टा मिला। जिस पर पुलिस ने उक्त कट्टे को जप्त करते हुये आरोपी मोती उर्फ पहलवान (21) पुत्र महेन्द्र गुर्जर निवासी बखरीजा की ढ़ाणी, खड़ब (सरूण्ड) को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी सरूण्ड थाने कि टॉप 10 वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल है। जिस पर पूर्व में ही सोशियल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन कर डर फैलाने के एक मामले में अनुसंधान जारी है। पुलिस द्वारा यह भी जाँच की जा रही है कि उक्त आरोपी देशी कट्टा कहां से लाया एवं कहां ले जा रहा था।

### पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** सनातन धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर रक्तांचल पर्वत पर भव्य धर्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच के सदस्य राजेश जांगिड व चंदन कंवरिया ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य धर्म ध्वज की स्थापना की गई। धर्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, धर्म निष्ठा व संस्कृति से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं व धर्म प्रेमियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सनातन धर्म रक्षा मंच द्वारा हर वर्ष पर्वत पर भागवत ध्वज लहराया जाता है। जिसमें युवाओं द्वारा शंखनाद, धर्म ध्वजा पूजन व जय घोष का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सनातन संस्कृति से जोडऩा, धार्मिक मूल्यों का प्रचार प्रसार करना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रांत के प्रांत व्यवस्था प्रमुख दिनेशमणि रत्नम का युवाओं को बौद्धिक रहा। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से युवाओं में उत्साह बना रहता है। शहर के युवाओं द्वारा सनातन धर्म रक्षक मंच की स्थापना करके लगातार सनातन धर्म के कार्य किए जाते हैं। जिससे युवाओं को सनातन धर्म से जुडी अनेक जानकारियां प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि हनुमानजी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। युवाओं को हनुमान जी की नित्य पूजा एवं हनुमान चालीसा के पाठ करने चाहिए। उन्होंने बताया कि देश का युवा नशे का शिकार हो रहा है। जिसके लिए उनके मित्र, परिवार व पड़ोसी उन्हे कुसंगत व नशा से मुक्त करवाकर उनमें नित्य मंदिर में जाने की परंपरा डालनी चाहिए। इस दौरान युवाओं ने भगवान जय श्रीराम व जय वीर हनुमान जी महाराज के जमकर नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया।

### भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के साथ संपन्न

**निवाई।** जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न हुई। कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा के लिए निवाई स्थित उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में जिले का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया था। केंद्राधीक्षक गोविंदनारायण शर्मा ने बताया कि परीक्षा प्रभारी राजेश जैन के निर्देशन में केंद्र पर परीक्षा का आयोजन हुआ। सहायक केंद्र अधीक्षक मुकेशकुमार चौधरी ने बताया कि परीक्षा का आयोजन दो पारियों में हुआ। उन्होंने बताया कि प्रथम पारी में उप जिला कलेक्टर सुरेशकुमार हरसोलिया ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 1200 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे। पहली पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पारी 3 से 5 बजे तक आयोजित हुई। केंद्राधीक्षक शर्मा ने बताया कि पहली पारी में 600 में से 440 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसी प्रकार दूसरी पारी में 600 में से 453 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कक्ष में पर एक राजकीय शिक्षक व एक स्थानीय विद्यालय के शिक्षक को वीक्षक के रूप में लगाया गया था। परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पूर्व परिक्षार्थियों को कड़ी जांच के बाद बायोमेट्रिक से प्रवेश दिया गया। परीक्षा हॉल सहित सभी प्रक्रियाओं की निरन्तर वीडियोग्राफी करवाई गई।

### गड्ढे में गिरा बुजुर्ग, लोग दौड़े

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक आंखों से अंधे बुजुर्ग सीवरेज लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा मीणों के मोहल्ले के पास हुआ,जहां इन दिनों सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। भोजपुर निवासी यह बुजुर्ग अनजाने में करीब 25 से 30 फीट गहरे गड्ढे में गिर गए।

### हनुमान जंयती मनाई

**निवाई।** हनुमान जंयती को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों को स्वचालित लाइटों से सजाया गया है। हनुमान जंयती पर बालाजी के मंदिरों व आश्रमों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। बस स्टैंड बालाजी पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि शनिवार को बालाजी का पंचामृत से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। तथा चोला चढाकर विशेष पोशाक पहनाकर आकर्षक झांकी सजाई गई। सांय चार बजे सामूहिक सुंदरकांड के पाठ हुए। इसी प्रकार मोरिया वाले बालाजी, बावडी वाले बालाजी, विश्वशांति परमहंस आश्रम, कुंजबिहारी आश्रम, दादूदयाल आश्रम, संकट मोचन हनुमान मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, बूढला बालाजी, छोरिया बालाजी, भातडिया बालाजी, सीन्दरा बालाजी सहित क्षेत्र के मंदिरों में वैदिक आचार्यो के सान्निध्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम एवं अनुष्ठानों का आयोजन हुआ।

# हनुमान जयंती पर मेलार्थियों ने झूले का आनन्द लिया

**मनोहरपुर।** कस्बे की पंचमुखी हनुमान कालोनी में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमानजी का विशाल मेला भरा।

जानकारी देते हुए मंदिर के महंत धर्मेंद्र कुमार ने बताया की पांच दिवसीय श्री पंचमुखी हनुमान जन्मोत्सव मेला आयोजन एवं कार्यक्रम 8 अप्रैल से शुरू हुआ इसमें मंगला आरती प्रातः 5:15, बजरंगोत्सव चोला श्रृंगार झांकी 9:00 बजे, प्रथम दिवस संगीतमय सुंदरकांड 9:15 बजे, भजन संध्या कार्यक्रम शाम 7:15 बजे हुई । इसी प्रकार 9 व 10 अप्रैल को संगीतमय सुंदरकांड प्राप्त 9:15 बजे भजन संध्या शाम 7:15 बजे तक हुई। इसी प्रकार 11 अप्रैल को संगीत मय सुंदरकांड 9:15 बजे, भजन संध्या



**मनोहरपुर कस्बे की पंचमुखी हनुमान कालोनी में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमानजी का विशाल मेला भरा।**

कार्यक्रम शाम 5:15 बजे, संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन प्रस्तुति 8:15 बजे, पंचामृत अभिषेक एवं हवन रात्रि 12 बजे हुआ। दिनांक 12 अप्रैल को मंगल आरती 6:15 बजे सुबह,नवान्न भोग आरती दोपहर 12:15 बजे दिव्य आतिश बाजी शाम को 7:30 बजे संध्या महा आरती शाम को सवा 8:00 बजे मेला समापन शयन आरती रात्रि 10:15 बजे हुई ।

## धूमधाम से मना श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व

**कोटपूतली।** जिले भर में शनिवार को श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों की विशेष सजावट कर भगवान श्री हनुमान जी महाराज का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

साथ ही सुन्दरकाण्ड पाठ, भजन-सत्संग, यज्ञ-हवन व विशाल भण्डारों का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर आयोजित विशाल भण्डारों में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी भी ग्रहण की। कस्बे के तालाब वाले हनुमान मंदिर में पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान श्रीराम सत्संग मंडल के संयोजक आनंद पंडित और उनकी टीम द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। देवेन्द्र शर्मा, एड. मनोज शर्मा व लक्ष्य शर्मा आदि ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश सैनी, सुनील कुमावत, मनोज सोनी, दीपक बंसल, मुकेश शर्मा, व्याख्याता सुमेश सैनी, कमलेश सैनी, नरसी सैनी, पार्षद मनोज गौड, सरपंच विक्रम रावत, देवेन्द्र शर्मा, प्राचार्य पूरणचंद कसाना, पत्रकार अनिल शरण बंसल व बालकृष्ण शुक्ला, राजेश सैनी, सत्यनारायण कौशिक, रामसिंह पायला, कर्मवीर कसाना, युवा नेता रजत जिंदल, इन्द्राज सोनी, मनोज भारद्वाज, हंसराज कसाना, राजपाल कसाना, महावीर सैनी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत-प्रसादी ग्रहण की। वहीं कस्बे के राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 36 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर की सजावट की गई। साथ ही श्री हनुमान महाप्रभु का श्रृंगार कर विशेष छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। ट्रस्ट के भानु प्रकाश मोरीजावाला व पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह सेठ लालचन्द लक्ष्मीनारायण मोरीजावाला चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकात्ता की ओर से मनाया गया। इस मौके पर सायं 4 से 5 बजे तक भगवान संकट मोचन की अर्क पुष्पों से सहस्त्र अर्चना की गई। वहीं सायं 5 बजे से भव्य सुन्दरकाण्ड का सामूहिक पाठ, सायं 6.30 बजे से भगवान का पुष्पों से श्रृंगार व सायं 7.15 बजे से छप्पन भोग आरती एवं रात्रि 8 बजे से हवन का आयोजन कर श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी वितरित की गई।

# परेशानी का सबब बने सुलभ शौचालय

- स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां
- लाखों खर्च करने के बाद भी शौचालय बदहाल

**पावटा ।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र के पावटा कस्बे में सीताराम जी मंदिर के सामने घंटाघर के पास बना सुलभ शौचालय मे नगरपालिका द्वारा सफाई न होने के कारण आस-पास के लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

सुलभ शौचालय मे सफाई की लचर व्यवस्था होने के कारण यह गंदगी के ढेर के कारण दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। शौचालय की हालत इतनी दयनीय बनी हुई है कि इसमें पैर रखने से भी लोग कतराने लगे है। सुलभ शौचालय लम्बे समय से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। लेकिन अफसोस शासन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सुलभ शौचालय के नाम जैसी फिलहाल इसमें किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। वही पूर्व सरपंच प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल ने बताया कि 10 लाख की लागत से बने एक सुलभ शौचालय व एक पानी की टंकी का निर्माण ग्राम पंचायत पावटा सरपंच पूजा अग्रवाल द्वारा किया गया था। जिनमें कुछ महिने तो साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी रही लेकिन उसके बाद सुलभ शौचालय गंदगी के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

शौचालय का आलम यह है कि इसमें पानी के लिए लगाई गई टुटियो को नसेड़ी अपने शौक पूरे करने के लिए खोल खोल कर ले गए वही फिलहाल इसमे अभी पानी की व साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नही है। गंदा पड़ा शौचालय शराबियों का अड्डा बन गया है। जिसकी वजह से शौचालय में खाली शराब की बोतलें पड़ी रहती है। गंदगी से बदहाल पड़े शौचालय में सफाई कर्मचारी होने के बावजूद कोई सफाई की व्यवस्था नहीं है। शौचालय में गंदगी व अन्य सुविधा न होने के कारण आस-पास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करती है। वही सीताराम जी मंदिर के सामने घंटाघर के पास बना शौचालय सरकार व प्रशासन के दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है।

दुकानदारों ने बताया कि लाखों की लागत से शौचालय का सरकार ने निर्माण करवाया था ताकि आस-पास के दुकानदार व आने वाले ग्राहक इसका इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने कहा कि सफाई न होने के कारण इसमें गंदगी रहती है और दुर्गंध आती है। शौचालय की हालत इतनी दयनीय है कि शौचालय पूरी तरह गंदगी से अटा पड़ा है। शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे शौचालय गंदगी से भरे पड़े हुए है। शौचालय मुख्य बाजार से सटा होने के कारण दुकानदारो सहित बाहर से आने वाले लोगों को इसकी ज्यादा आवश्यकता महसूस होती है। लेकिन इसकी हालत देखकर कोई भी इसमें जाना पसंद नहीं करता है। लोगों को इसका कोई लाभ मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है। गंदगी रहने के कारण यहां मच्छर पनपते है जिसके चलते मच्छर जनित बीमारियों की आशंका बनी रहती है।

## सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**कोटपूतली।** विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने शनिवार को क्षेत्र में विभिन्न सडकों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना से ढ़ाणी मंगलदास वाली तक 01 करोड़ 02 लाख 50 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 4.10 किमी लम्बी सडक व ग्राम सांगटेडा से बनका तक 50 लाख 75 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 02 किमी लम्बी सडक के निर्माण कार्य का पट्टीका का लोकार्पण कर शिलान्यास किया।

इस दौरान आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये राधा देवी ने कहा कि जहाँ अच्छी सडके होती है, वहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक विकास तेजी से होता है। उन्होंने कहा क्षेत्र के प्रत्येक गाँव व ढ़ाणी को अच्छी सडकों से जोडने के प्रयास किये जा रहे है। ताकि आवागमन सुगम हो सकें। भजन लाल सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। इस दौरान भाजपा उत्तर मण्डल के अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सरपंच सोनू चौधरी, भैंसलाना सरपंच गीता कंवर, एड. चेतराम रावत, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह आदाली, रोहिताश्व कपुरिया, महेश निर्वाण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक प्रतिनिधि का ग्रामीणों ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं ग्राम पंचायत भैंसलाना की ढ़ाणी सांपला वाली में विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल का ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा यादव के नेतृत्व में माला, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता धर्मसिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज स्वामी, हरिद्वारी लाल स्वामी, तेजपाल सिंह, किशोर सिंह, अजय शुक्ल, रामलाल सरपंच, जगदीश यादव, अमीचंद यादव, रामू, मदन, घीसाराम, निशांत, राव सिद्धार्थ समेत अन्य मौजूद रहे। विधायक हंसराज पटेल रविवार को क्षेत्र में विभिन्न सडकों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें। निजी सचिव भारत शर्मा ने बताया कि 30 लाख रूपयों की लागत से बनाई जा रही 1.20 किमी लम्बी रामसिंहपुरा सम्पर्क सडक चौलाई से नवरंगपुरा तक 56 लाख 25 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 2.25 किमी लम्बी सडक राजमार्ग से चानचकी तक 01 करोड़ 01 लाख 25 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 4.5 किमी लम्बी सम्पर्क सडक व नवरंगपुरा बाबा भैंरू के मंदिर से ढ़ाणी बोरावाली तक 98 लाख रूपयों की लागत से बनाई जा रही 2.8 किमी लम्बी मिसिंग लिंक सडक के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक द्वारा किया जायेगा।

### डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती सोमवार को

**कोटपूतली।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 134 वाँ जयन्ती समारोह सोमवार 14 अप्रैल को कस्बा स्थित नगर परिषद पार्क में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर विशाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम का आयोजन मेघवाल विकास समिति व डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विचार मंच समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक सेवानिवृत नायब तहसीलदार मदन लाल वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक हंसराज पटेल बतौर मुख्य अतिथि भाग लेगें। जबकि पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव अति विशिष्ठ अतिथि होगें। अध्यक्षता सेवानिवृत आईआरएस डीआर रैवाला के द्वारा की जायेगी। विशिष्ठ अतिथियों में नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, जिला कोषाधिकारी अशोक कुमार वर्मा, प्रो. आर एस झांझरिया, राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय के प्राचार्य प्रो. आर के सिंह, सेवानिवृत एसई बी एल सिंघल, क्रय-विक्रय सहकारी समिति के महाप्रबंधक सुरेश गुरूदास, विकास अधिकारी हरिओम मीणा, पूर्व प्रधान बानसूर मीना देवी व नगर परिषद पार्षद उमेश आर्य आदि भाग लेगें।

# हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण पाठ का समापन

**पावटा।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर पावटा कस्बा स्थित किला ऊपर प्राचीन श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की ओर से श्री हनुमान जी की एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए मंदिर मेला कमेटी अध्यक्ष भीम सिंह जाट ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर प्राचीन श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर किला ऊपर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।

शोभायात्रा मंदिर से कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर किला ऊपर में सम्पन्न हुई। इस शोभायात्रा में मंदिर मेला कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने भी भाग लिया। शोभायात्रा में आगे आगे ध्वज पताकाए लेकर श्रद्धालु चल रहे थे। वही भव्य आतिशबाजी भी की गई। जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। वही रात राजस्थान के मशहूर लोक कलाकार कवि गिरिराज लालवाडी, गायक कलाकार लखमी चंद पटेल, कॉमेडियन कलाकार राजकुमार छैला पन्या सेपट अलवर, डांसर खुशी भरतपुर, खुशबू डांसर अलवर द्वारा प्रस्तुति देते हुए श्री हनुमान जी के गुणगान करते हुए



**हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर कमेटी सदस्यों का सम्मान किया गया।**

विशाल जागरण किया गया। वही मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। मेला कमेटी के पदाधिकारियों महंत अनिल शर्मा, श्याम सुन्दर गुरुजी, रघुवीर वर्मा, मोहन लाल सैनी व उपाध्यक्ष योगेश सैनी, सचिव नवीन आर्य, कोषाध्यक्ष रामनिवास यादव, प्रचार मंत्री दिनेश वर्मा, संगठन मंत्री संजय कुमार वर्मा सहित पदाधिकारियों व सदस्यों ने आगंतुक अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मेले में खिलौनों एवं चाट की लगी दुकाने और बच्चों ने झूलों पर झूलने का आनंद लिया।

वही श्री हखडेत हनुमान मंदिर में 11 अप्रैल, शुक्रवार को सुबह 9 बजे से रामायण पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ हुआ। अगले दिन, 12 अप्रैल, शनिवार को सुबह 10 बजे रामायण पाठ का विश्राम और हवन का आयोजन किया जाएगा। वही मंदिर परिसर में हनुमान जी का पंचामृत अभिषेक हुआ, और फूल बंगला एवं भव्य भोग दर्शन का आयोजन किया गया। उसके बाद अखण्ड रामायण पाठ समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां धर्मप्रेमी जनता ने पंगत प्रसादी ग्रहण की व इस पवित्र आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर हनुमानजी की कृपा का आशीर्वाद प्राप्त किया।